हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

11 बदहाली का शिकार हो रहा झज्जर का टाउन पार्क



12 सेक्टर 6 में 75 लाख रुपये से सुधरेंगे सड़क के हालात



## खबर संक्षेप

### बैठक में भाग न लेने पर गांव रामपुरा के तीन पंच निलंबित

**झज्जर।** डीसी वर्षा खांगवाल ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51 के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत रामपुरा के तीन पंचों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार, ग्राम पंचायत रामपुरा के वार्ड नंबर 3 से डिम्पल, वार्ड नंबर 4 की सुनीता तथा वार्ड नंबर 5 के प्रदीप पर बिना पूर्व सूचना और अनुमति के ग्राम पंचायत की लगातार छह बैठकों से अनुपस्थित रहने का आरोप है। जिसके चलते तीनों पंचों को तत्काल प्रभाव से पंच पद से निलंबित कर दिया है। जांच पूरी होने तक तीनों पंच ग्राम पंचायत की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे। साथ ही एसडीएम झज्जर को मामले का जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन 30 तक

**झज्जर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया



अंतिम चरण में है। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन कर सरकार की कौशल विकास योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा, गुढ़ा महिला, बहादुरगढ़, बहादुरगढ़ महिला, भापड़ौदा, छारा, मातनहेल, साल्हावास, पहाड़ीपुर, आसौदा, दूबलधन, खुड्डन, जहांगीरपुर तथा सैनिक परिवार भवन स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी संस्थानों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां आवेदन संबंधी सहायता पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

### निर्माणाधीन मकान से एसी फिटिंग चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में एक निर्माणाधीन मकान से एयर कंडीशनर (एसी) की फिटिंग चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके प्लॉट पर मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार रात अज्ञात व्यक्ति निर्माणाधीन मकान में घुस गए और वहां लगी एसी की फिटिंग चोरी कर ले गए। इस चोरी से उन्हें करीब 70 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार मोबाइल व चाबी बरामद

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा लूट के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी विनोद कुमार ने बताया कि पलड़ा गांव निवासी अमर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजवीर के तौर पर की गई है। आरोपी के कब्जे से वारदात में छीना गया मोबाइल तथा ट्रैक्टर की चाबी बरामद की गई है। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एनआर हिंदू स्कूल में नेत्र जांच शिविर आज

**बहादुरगढ़।** गुरुनानक कॉलोनी स्थित एनआर हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल संचालक कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आंखों की जांच की जाएगी।

## भंडारे की 2 तस्वीर : पर्यावरण को लेकर दे रहीं अलग-अलग संदेश

### प्लास्टिक की प्लेटों की जगह स्टील के बर्तनों में लगाया भंडारा, पर्यावरण बचाने को किया जागरूक




**बहादुरगढ़ ( हरिभूमि न्यूज )।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा द्वादशी के अवसर पर कढ़ी-चावल के भंडारे का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए भंडारे में सिंगल यूज प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करते हुए स्टील के बर्तनों का प्रयोग किया गया। एसआई सत्यप्रकाश के अनुसार ऐसे छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी को प्लास्टिक के स्थान पर स्टील, कांच एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### धर्म के साथ-साथ प्रकृति की भी रक्षा करें : डॉ. शर्मा

कॉलेज उपाध्यक्ष पवन जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति सेवा, सहयोग और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में स्टील के बर्तनों का ही प्रयोग करना चाहिए। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन एवं सामाजिक आयोजनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाएं तो स्वच्छ-हरित एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर वाईआरसी प्रभारी सुनीता रानी, एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डॉ. अनु शर्मा, सारिका, नवीन गोयल, नीतू जैन, अजय, रेखा, गायत्री, अनीता, कांता, संदीप, राजीव, नेहा, श्वेता, तनु व दिव्या आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

### सड़क पर बिखरे प्लास्टिक के गिलास लापरवाही की कहानी कर रहे बयां



छिकारा चौक

**झज्जर।** गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा पानी और शरबत पिलाने के लिए शहर में जगह-जगह छबील लगाई जा रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर आयोजकों की लापरवाही के कारण छबील खत्म होने के बाद सड़कों पर प्लास्टिक के गिलासों के ढेर लग गए हैं। ये गिलास नालों में भी जाकर उन्हें जाम कर रहे हैं। कई जगह पशु इनमें मुंह मारकर बीमार पड़ रहे हैं। इस तरह अनजाने में समाजसेवी पर्यावरण व जीवों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने भंडारों व छबील जैसे पुण्य के कार्य के लिए स्टील के बर्तन प्रयोग करने की अपील की है।

## वर्क फ्रॉम होम में कमाई का लालच दे शिक्षिका से 47 हजार की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वर्क फ्रॉम होम के नाम पर घर बैठे कमाई का लालच देकर एक शिक्षिका से 47 हजार 258 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**राइटिंग टास्क पूरा करने के बदले मिलने थे पैसे, लेकिन आरोपी निवेश करवाता गया**

पुलिस को दी शिकायत में सांखोल निवासी शिक्षिका एकता राठी ने बताया कि 19 जून को उनके व्हाट्सएप नंबर पर संदेश आया। आरोपी ने घर बैठे पैसे कमाने और राइटिंग टास्क पूरा करने के बदले अच्छी कमाई का लालच दिया। टास्क पूरा कराने के बहाने आरोपी ने अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से उनके एचडीएफसी बैंक खाते से कुल 47 हजार 258 रुपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना झज्जर में भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### डेडलाइन बीतने के बावजूद रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण अधूरा

# रेलवे कृपा ध्यान दें! बहादुरगढ़ स्टेशन का काम एक वर्ष की देरी से चल रहा है

■ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 25 करोड़ रुपये में हो रहा बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन पर चल रहा शेड विस्तार का काम।

सिटी पल्स

देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन का करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ 6 अगस्त 2023 को हुआ था और इसे अगस्त 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन तय समय सीमा बीतने के करीब एक वर्ष बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते रोजाना यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रेलवे स्टेशन पर नया तीन मंजिला स्टेशन भवन लगभग तैयार हो चुका है। पार्किंग निर्माण अंतिम चरण में है, लेकिन स्टेशन परिसर में अभी भी कई स्थानों पर सिविल कार्य जारी है।

निर्माण सामग्री, अस्थायी रास्ते, धूल और अव्यवस्थित आवागमन के कारण यात्रियों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। अधिकारियों का दावा है कि शेष कार्य अगले तीन से चार महीने में पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें आकर्षक स्टेशन भवन, बेहतर प्रतीक्षालय, आधुनिक टिकट काउंटर, वातानुकूलित लॉबी, हाई स्पीड एस्केलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, 24 घंटे बिजली, पानी, शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सुव्यवस्थित पार्किंग, डिजिटल सूचना प्रणाली, सौंदर्यीकरण, प्लेटफार्म का विस्तार, शेड एक्सटेंशन व यात्रियों के बैठने की व्यवस्था शामिल है। अधिकारियों के अनुसार अधिकांश संरचनात्मक कार्य पूरे हो हैं। फिनिशिंग, पार्किंग, आंतरिक विकास और अन्य शेष कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

#### स्टेशन पर रास्ते बदलने से आ रही दिक्कत



दैनिक यात्री सतपाल हाडा के अनुसार करीब 3 साल से निर्माण कार्य चल रहा है। विकास जरूरी है, लेकिन काम तय समय में पूरा होना चाहिए। निर्माण के चलते स्टेशन पर आने-जाने के रास्ते कई बार बदले गए हैं। बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांग यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

#### बारिश के दौरान हालात हो जाते हैं खराब



प्रीतम खत्री ने बताया कि स्टेशन बनने के बाद सुविधाएं जरूर बढ़ेंगी, लेकिन फिलहाल परेशानी अधिक है। कई स्थानों पर पर्याप्त संकेतक नहीं होने से बाहर से आने वाले यात्रियों को भी भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। बारिश के दौरान कीचड़ और धूल से हालात और खराब हो जाते हैं।

#### बार-बार डेडलाइन बढ़ना ठीक नहीं



सुरेंद्र चौहान ने कहा कि आधुनिक स्टेशन का स्वागत है, लेकिन बार-बार डेडलाइन बढ़ना ठीक नहीं है। सरकारी परियोजनाओं की सबसे बड़ी चुनौती समय पर काम पूरा न होना है। धूल और निर्माण सामग्री के कारण परेशानी होती है। काम जल्द पूरा होगा तो यात्रियों को राहत मिलेगी।

## सफर में दंपति में हुई कहासुनी पति ने ट्रेन से कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार की देर रात डीघल फाटक के नजदीक ट्रेन से कूदकर एक व्यक्ति ने अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान महेंद्रगढ़ जिले के सुरेहती कलां निवासी करीब चालीस वर्षीय सुरेश पुत्र होशियार के तौर पर हुई है। रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश खेतीबाड़ी का कार्य करता था और अपनी पत्नी के साथ घूमने के लिए दिल्ली आया था। इसके बाद वे दिल्ली से रोहतक पहुंचे तथा वीरवार की रात रोहतक से पैसेंजर ट्रेन में बैठकर रेवाड़ी जा रहे थे। रेलवे पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि चलती ट्रेन में किसी बात को लेकर सुरेश की उसकी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ी की सुरेश ने डीघल-सांपला फाटक के नजदीक चलती ट्रेन से छलांग लगा दी, जिस कारण उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे स्थानीय अस्पताल के शवगृह भिजवाया। परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सर्विस सेंटर से कार चोरी केस में वहीं का सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक सर्विस सेंटर से टाटा अल्ट्रोज कार चोरी के मामले में वारदात को अंजाम देने वाले सुरक्षाकर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि चोरी की गई कार पुलिस द्वारा पहले ही बरामद की जा चुकी थी। थाना सेक्टर-6 प्रबंधक सत्यबीर ने बताया कि साईं मोटर्स टाटा ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर के सर्विस हेड की शिकायत पर वहां सर्विस के लिए आई टाटा अल्ट्रोज कार चोरी होने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों तथा अन्य सुरागों के आधार पर गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की गई टाटा अल्ट्रोज कार बरामद कर ली थी। इसके बाद की गई विस्तृत जांच व साक्ष्यों के आधार पर सर्विस सेंटर में तैनात सुरक्षाकर्मी गोविंद को गिरफ्तार कर लिया। फिर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नमन आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में चयनित



**झज्जर।** नमन व उसके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए पदाधिकारी।

■ इंडो अमेरिकन स्कूल में नमन सैनी और उनके पिता किशोर सैनी को प्रबंधन की ओर से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल के होनहार छात्र नमन सैनी का चयन आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे में हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी की लहर है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि यह उपलब्धि हासिल कर नमन ने अपने अभिभावकों सहित विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को नमन व उसके पिता किशोर सैनी को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट देश के प्रमुख खेल प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है, जहां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। नमन की इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल को गर्व है।

## सर्व समाज भाईचारा स्नेह मिलन कल कैप्टन अभिमन्यु देंगे एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सर्व समाज की ओर से आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक समरसता और



सद्भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से 'भाईचारा स्नेह मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 9 बजे चौधरी छोटूराम धर्मशाला में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में हर वर्ग और समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे सर्व समाज में भाईचारे, सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश देंगे। सर्व समाज भाईचारा के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## रेलवे स्टेशन पर 150 पव्वे देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़ ( हरिभूमि न्यूज)।** राजकीय रेलवे पुलिस ने बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को 150 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**दिल्ली निवासी आरोपी दो बैग में भरकर लाई थी शराब**

पुलिस के अनुसार वीरवार शाम को जीआरपी की टीम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक महिला दो बैग लेकर जाती दिखाई दी। पुलिस को देखकर वह घबराकर भागने लगी, जिस पर टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों बैगों से फ्रेश संतरा मार्का 150 पव्वे (करीब 36 बोतल) देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान महिला की पहचान दिल्ली निवासी मीना कुमारी के रूप में हुई है। वह बरामद शराब के संबंध में कोई लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सकी। पुलिस ने नियमानुसार शराब में से नमूने लेकर शेष शराब को सील कर कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ जीआरपी थाना बहादुरगढ़ में आबकारी अधिनियम की धारा 61/4/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सीजनल घेवर बेचने वालों का दावा-नो प्रॉफिट नो लॉस पर कर रहे काम

# दुकानों से आधे दाम पर सड़क किनारे बिक रहा घेवर, शुद्धता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आजकल शहर के बाहरी हिस्सों में सड़क किनारे घेवर की स्टॉल सजने लगी हैं। इन दुकानदारों द्वारा शुद्ध देशी घी से निर्मित होने का दावा भी किया जा रहा है, लेकिन देशी घी से निर्मित घेवर बाजार रेट से करीब 40 से 50 फीसदी कम कीमत पर बेचे जाने के कारण लोगों द्वारा इनकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि घेवर निर्माताओं का कहना है कि वह जन सेवा के लिए नो प्रॉफिट नो लॉस का धंधा कर रहे हैं। खास बात यह है कि कई दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर पोस्टर चस्पा कर मिलावट मिलने पर इनामी राशि देने की घोषणा भी की जा रही है।

शहर के विभिन्न प्रवेश मार्गो और बाहरी इलाकों में सड़क किनारे कई अस्थायी दुकानें सजी हैं, जहां 450 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति किलोग्राम तक मावा युक्त घेवर बेचा जा रहा है। यदि शहर की प्रतिष्ठित मिष्ठान भंडारों की बात करें तो मावा युक्त घेवर 680 रुपये से लेकर 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिल रहा है। खाद्य विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की



**झज्जर।** सड़क किनारे सजी घेवर की दुकान।

गुणवत्ता की जांच जरूरी है। यदि मिठाई बनाने में घटिया सामग्री, कृत्रिम रंग या मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खुले में रखी मिठाइयों पर धूल-मिट्टी और प्रदूषण का भी असर पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होने का खतरा बना रहता है।

डीघल गांव के टोल प्लाजा के नजदीक सड़क किनारे शुद्ध देशी घी से निर्मित घेवर बेचने का दावा करने वाले तीन स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें से एक दुकान के विक्रेता के अनुसार वे पिछले पांच वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े हैं और आमजन की सेवा को लेकर कम कीमत में घेवर उपलब्ध करा रहे हैं जबकि अन्य विक्रेताओं के अनुसार वे पहली बार यह दुकान लगा रहे हैं। विक्रेताओं की मानें तो घेवर के निर्माण में ब्रांडेड देशी घी व दूध का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ विक्रेताओं द्वारा निकटवर्ती गोशालाओं से घी व दूध खरीदने की बात भी कही जा रही है।

#### तीज तक लगातार की जाएगी सैंपलिंग

इस संबंध में जब फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर राजेश वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मुहैया कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा रेंडमली सैंपलिंग की जाती है। घेवर का सीजन अभी शुरू हुआ है। उनके द्वारा विभिन्न मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण कर तीज तक लगातार सैंपलिंग की जाएगी। निरीक्षण के दौरान घेवर निर्माण में उपयोग किए जाने वाले दूध, घी व मावे व अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए जाएंगे।

# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?



**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

## लाइफ Style

# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई



माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

## हॉलीवुड मसाला

# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान



**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

## टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।



# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म

# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दे 2.09 लाख ठगे

**रोहतक।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक प्रवासी मजदूर से 2.09 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर पीड़ित से ओटीपी हासिल किया और उसके खाते से 2.09 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-5 निवासी एवं मूल रूप से मधुबनी (बिहार) के रहने वाले मोहम्मद मुस्ताक ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक से जुड़ा कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है। प्रक्रिया पूरी करने के लिए आरोपी ने उसके मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी मांगी। भरोसे में आकर मुस्ताक ने ओटीपी बता दिया। ओटीपी साझा करने के कुछ ही समय बाद उसके मोबाइल पर खाते से 2 लाख 9 हजार रुपये निकलने का संदेश आया। तब उसे एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई।

### सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

**रोहतक।** कलानौर के पास कार और बाइक की टक्कर में एक सब्जी विक्रेता युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान माता दरवाजा निवासी रामू के रूप में हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।माता दरवाजा निवासी रामू पिछले चार वर्षों से कलानौर में सब्जी की दुकान चला रहा था। वह से रोहतक से बाइक पर कलानौर जाता था। शुक्रवार सुबह भी वह दुकान के लिए निकला था। कलानौर के पास सामने से आ रही कार से उसकी बाइक की टक्कर मार दी। हादसे में रामू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कैंटर-पिकअप की टक्कर, महिला की मौत

**रोहतक।** हरुमायूंपुर टोल प्लाजा के समीप तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से एक पिकअप गाड़ी पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के निवासी भीमसेन ने बताया कि वह अपने परिवार और अन्य मजदूरों के साथ पिकअप गाड़ी में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी हुमायूंपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आए एक कैंटर ने उनकी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप सवार कई लोग घायल हो गए, जबकि भीमसेन की पत्नी बिजनी को गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

### व्यापारियों ने खरीदे 150 फायर एक्सटिंग्विशर

**रोहतक।** लगातार बढ़ रही आग लगने की घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने व्यापारियों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, गोदामों एवं औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग को सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में शुक्रवार को किला रोड मार्केट में फायर सेफ्टी सिलेंडर चलाकर आग पर काबू पाकर डैमो किया गया। साथ ही व्यापारियों द्वारा मिलजुल कर खरीदे गए करीब 150 अग्निशमन यंत्र किए गए। इस मौके पर महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज, किला रोड पूर्व प्रधान बिट्टू सचदेवा, सत्यवान चहल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आजाद सिंह आदि मौजूद रहे। याद रहे इससे पहले शौरी मार्केट और गांधी कैंप मार्केट में भी व्यापारियों द्वारा अग्निशमन यंत्र खरीदे गए हैं।

## सुविधाओं की बदहाली से टाउन पार्क में सैर करने वाले लोग परेशान

# लाखों खर्च कर विकसित किया पार्क अव्यवस्था ने कर दिया सब चौपट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

शहर के बीचों-बीच स्थित टाउन पार्क उचित रखरखाव के अभाव में बदहाली का शिकार होता जा रहा है। लाखों रुपये खर्च कर विकसित किए गए इस पार्क में अब मूलभूत सुविधाएं भी दम तोड़ती नजर आ रही हैं। पार्क में सुबह-शाम सैर करने आने वाले लोगों ने नगर परिषद की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए जल्द सुधार की मांग की है।

पार्क में बने सार्वजनिक शौचालय कई दिनों से सफाई के अभाव में गंदगी से अटे पड़े हैं। शौचालयों से उठ रही दुर्गंध के कारण लोग उनका उपयोग करने से भी कतराने लगे हैं। हालात इतने खराब हैं कि वहां पानी और बिजली की व्यवस्था भी पूरी तरह ठप पड़ी है। शरारती तत्वों द्वारा बिजली फिटिंग उखाड़ दिए जाने के बाद मोटर बंद पड़ी है, जिससे ऊपरी टंकियों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा।

नियमित सैर करने वाले भूपेंद्र, राजेंद्र खेड़ा, सतीश, राज सिंह चंचल, नरेश, सतबीर सिंह, जय भगवान, संजय शर्मा, सोमेश, तरुण, सूरज, मोहित व टाउन पार्क विकास समिति के प्रधान कृष्ण कुमार ने बताया कि शौचालय परिसर में पड़े इंजेक्शन इस बात कि यहां नशेड़ी युवकों का आना-जाना बना हुआ है। उन्होंने नगर परिषद से नियमित सफाई व्यवस्था तत्वों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से पार्क की सफाई, व्यवस्था, जर्जर झूलों की मरम्मत, ओपन जिम उपकरणों को चालू कराने तथा हाईमास्ट लाइटों को ताकि शहर की इस प्रमुख सार्वजनिक जगह की उपयोगिता बनी रह सके।


झज्जर। पार्क में टूटा पड़ा झूला हादसों को दे रहा न्योता। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों के लिए खतरा बने जर्जर झूले

पार्क में लगे झूले भी बदहाल स्थिति में हैं। कई झूलों की सीटें उखड़ चुकी हैं, जबकि कुछ पूरी तरह टूट चुके हैं। ऐसे में यहां खेलने आने वाले बच्चों के चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। पार्क में स्थापित ओपन जिम के अधिकांश उपकरण भी खराब हो चुके हैं और उपयोग के योग्य नहीं बचे हैं।

### हाईमास्ट लाइटें खराब, पार्क में पसरा रहता है अंधेरा

पार्क के बीचों-बीच लगाई गई हाईमास्ट लाइटों में से आधे से अधिक लाइटें खराब पड़ी हैं। जिसके चलते पार्क के कई हिस्सों में शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे लोगों को असुरक्षा की भावना सताने लगी है। ऐसे में कुछ अभिभावक अधिक देर रुकने की बजाय अपने बच्चों को आठ बजे से पहले ही घर ले जाते हैं। लोगों को अंधेरा होने के बाद पार्क में ठहरने से डर लगता है। जिम्मेदारों से कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं निकल सका है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही की वजह से वे पार्क की सुविधा का पूरा फायदा नहीं उठा पा रहे हैं।

### बदहाल पड़े हैं शौचालय



### सुपरवाइजर को दे चुके हैं सूचना : केयरटेकर

नगर परिषद द्वारा नियुक्त शौचालय के केयरटेकर अमित ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से शौचालयों की सफाई व्यवस्था प्रभावित है। बिजली और पानी की सुविधा बाधित होने के कारण नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे अपने सुपरवाइजर को अवगत करा चुके हैं और जल्द ही बिजली-पानी की व्यवस्था बहाल कर शौचालयों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाता है, लेकिन इस समय थोड़ी परेशानी बढ़ गई है।


बहादुरगढ़। दयानंद नगर में टूटा पड़ा लोहे का जाल। फोटो : हरिभूमि

## दयानंद नगर में जाल ठीक करवाने की मांग

- दयानंद नगर गली नंबर-1 में पुलिया का जाल कई दिनों से टूटा पड़ा है, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

दयानंद नगर गली नंबर-1 में पुलिया का जाल कई दिनों से टूटा हुआ है। स्थानीय निवासी बजरंग सोनी, दीपक कुमार, अनिल जोशी, महेंद्र सिंह, पुनीत, सतीश, ओम शर्मा व संजय भाटिया आदि ने इस टूटे जाल को जल्द ठीक करवाने मांग की है। इस टूटे जाल के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कहा कि बहादुरगढ़ में मेंटेनेंस ठेके के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इसे ठीक करवाने की मांग की है।


झज्जर। शिकायतों की प्रगति की समीक्षा बैठक लेतीं डीसी वर्षा खांगवाल।

### डीसी ने की शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा

झज्जर। जिले में समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह बात डीसी वर्षा खांगवाल ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविरों की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागवार प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। इससे पहले आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीसी के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ बारे विस्तार से चर्चा की।


झज्जर। ग्राम सभा में नई जलनीति संबंधी जानकारी देते हुए जिला सलाहकार श्याम अहलावत। फोटो : हरिभूमि

## दरियापुर व जमालपुर में ग्राम सभा में दी नई जल नीति की जानकारी

- पंचायतों और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बीच अनुबंध पर हुए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के गांव दरियापुर और जमालपुर में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बीच पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव को लेकर अनुबंध की रूपरेखा साझा करते हुए मसौदे पर हस्ताक्षर किए गए। जिला सलाहकार श्याम अहलावत ने बताया कि जल नीति-2026 के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देते हुए पेयजल योजनाओं के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों तथा ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को संयुक्त रूप से सौंपी जाएगी। उन्होंने तीनों पक्षों के अधिकारों, कर्त्तव्यों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी।

## बिजली कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी

- झज्जर सर्कल पर 30 जून को प्रदर्शन करेंगे विद्युत कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

केंद्रीय परिषद के आह्वान पर शुक्रवार को भी बिजली कर्मचारियों ने यूनिट स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव बिजेंद्र फोगाट ने की, जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव अमित शर्मा ने किया।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार और बिजली मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कर्मचारियों से आगामी आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार समय रहते उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 30 जून को झज्जर सर्कल स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि 2 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो कर्मचारी हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में लोकेश जेई, बिजेंद्र जेई, जगमोहन फौगाट, अनिल जेडई, नवीन, रोकेश, भूपेंद्र, राजेश, प्रवीण, जितेंद्र, निखिल, सतीश, संवेंद्र देशवाल, बंटी लढ़वाल, धनराज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। शुक्रवार को निगम कार्यालय में प्रदर्शन करते बिजलीकर्मी। फोटो : हरिभूमि

## शादी से लौट रही महिला के बैग से सोने के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शादी समारोह से घर लौट रही एक महिला के बैग से सोने के जेवर और 20 हजार रुपये नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आशंका जताई है कि चोरी की वारदात गन्नौर से मुरथल के बीच रोडवेज बस में यात्रा के दौरान हुई। झज्जर के गांव भूरावास निवासी मधुबाला ने मुरथल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे के साथ गन्नौर में रिश्तेदारी के शादी समारोह से लौट रही थीं। बस से मुरथल उतरने के बाद वह ऑटो से सोनीपत बस स्टैंड पहुंचीं। ऑटो से उतरते समय बैग की जांच करने पर उसमें रखी सोने की चेन, दो अंगूठियां, टॉप्स और 20 हजार रुपये नकद गायब मिले। शिकायत के आधार पर मुरथल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महम के विधायक को धमकी पर सरकार को घेरा


पूर्व विधायक राजेंद्र जून।

- विधायक दांगी के कार्यालय पर फायरिंग और पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

महम से विधायक बलराम दांगी के कार्यालय पर फायरिंग के बाद अब 5 करोड़ की रंगदारी मांगने तथा जान से मारने की धमकी देने पर पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने प्रदेश की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

राजेंद्र जून ने कहा कि महम पुलिस थाने के ठीक सामने स्थित विधायक कार्यालय पर ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद गैंगस्टरों द्वारा करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगने से प्रदेश में अपराधियों के बुलंद हौसलों का पता चलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में आम नागरिक ही नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री प्रदेश की कानून व्यवस्था संभालने के बजाय अन्य गतिविधियों में व्यस्त हैं। हरियाणा में अपराध, रंगदारी और गैंगस्टर गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। राजेंद्र जून ने सरकार से कांग्रेस विधायक बलराम दांगी और उनके परिवार को तत्काल अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही फायरिंग और रंगदारी के आरोपी गैंगस्टरों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की।

### झज्जर रोड से पल्सर बाइक हुई चोरी

बहादुरगढ़। शहर के झज्जर रोड से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर लाइनपार निवासी नितेश ने बताया कि 25 जून की सुबह वह अपनी बजाज पल्सर बाइक पर किसी काम से झज्जर रोड स्थित शहीद चौक के पास गया था। उसने अपनी बाइक वहां खड़ी कर दी और एक दोस्त के कमरे पर चला गया। कुछ देर बाद लौटने पर उसने देखा कि उसकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी।

## एसआईआर अभियान ने पकड़ी रफ्तार

# बीएलओ घर-घर से प्राप्त कर रहे गणना प्रपत्र

प्राप्त प्रपत्रों का हो रहा डिजिटाइजेशन, त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला भर में एसआईआर अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्र एकत्रित करने का कार्य तेजी से जारी है। बीएलओ घर-घर जाकर आमजन से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त कर रहे हैं तथा प्राप्त प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन भी साथ-साथ किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा किया जा सके। शुक्रवार को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर एसआईआर प्रक्रिया को प्रभावी रूप से पूरा करने में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि सभी मतदाता गणना अभियान के तहत वितरित किए गए गणना प्रपत्रों को आवश्यक जानकारी भरने उपरांत तुरंत बीएलओ को सौंपे। यदि किसी मतदाता ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा नहीं कराया है तो शीघ्र जमा कराएं।


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देतीं डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। कैंप में पदाधिकारियों के साथ मौजूद बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### भाविप का लगा 3 दिवसीय बाल संस्कार शिविर

बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा और विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को ओमेक्स में स्थित सैंट स्टीफन स्कूल में हुआ। शिविर में 40 बच्चों ने भाग लिया। डॉ सुभदा घरोटे और डॉ श्रुति गुप्ता ने बताया कि शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, महान विभूतियों के जीवन और नैतिक मूल्यों से अवगत कराया जाएगा। मूलचंद जोशी, रमेश गुप्ता और मुरारीलाल गोयल ने कहा कि शिविर में गंभीरता से शिक्षा ग्रहण करें। एडवोकेट रजनीश भारद्वाज ने पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। कैंप में विजय पुन्हानी, एमएस भाटी, स्कूल प्रबंधक राजेंद्र छिकारा, राधा भाटी, भारती और संजय गोयल आदि ने सहयोग किया।

## खबर संक्षेप



झज्जर। वर्कशॉप में शिक्षकों को संबोधित करते हुए रिसोर्स पर्सन।

### शिक्षकों को दी स्टोरी टेलिंग की जानकारी

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्लान इन हाऊस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्टोरी टेलिंग को लेकर आयोजित इस वर्कशाप में स्कूल के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। वर्कशॉप का उद्देश्य इस पद्धति के अंतर्गत बच्चों को सार्थक शिक्षा प्रदान करना रहा। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन अमित ने शिक्षकों को एक नए अंदाज से बच्चों को कहानी पढ़ाना सिखाया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने इस वर्कशाप के लिए सीबीएसई रिसोर्स पर्सन व शिक्षकों की सराहना की।



झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल को पेंसिल स्केच भेंट करते अंशुल शर्मा व मुकेश शर्मा।

### शिक्षकों ने डीसी को पेंसिल स्केच की भेंट

**झज्जर।** शुक्रवार को भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने डीसी वर्षा खांगवाल को उनका एक पेंसिल स्केच भेंट किया। अंशुल शर्मा ने बताया कि जिले में ऐसा पहली बार हुआ है जब अधिकांश प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी महिलाएं हैं। काफी समय बाद जिले को एक महिला उपायुक्त मिली है जो आने वाले समय में जिले का चहूंमुखी विकास कराएंगी।

## जिले के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में युवाओं को बताए नशे से होने वाले नुकसान

# स्कूल-कॉलेजों में नशा न करने का दिया संदेश

### वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में 17 को शुरू हुआ नशामुक्ति भारत सप्ताह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में 17 को शुरू हुआ नशामुक्ति भारत सप्ताह शुक्रवार को संपन्न हो गया। छात्राओं ने सप्ताह भर में आयोजित विविध गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि नशामुक्ति एक सतत सामाजिक आंदोलन है, जिससे प्रत्येक नागरिक को निरंतर जुड़े रहना चाहिए।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि अभियान के पहले दिन छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। दूसरे दिन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ एवं उज्ज्वल जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। तीसरे दिन छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया तथा समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। चौथे दिन हस्ताक्षर अभियान में सभी ने नशामुक्ति से संबंधित प्रेरणादायक स्लोगन लिखे तथा हस्ताक्षर कर नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। पांचवें दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया। नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। छठे दिन छात्राओं ने अपने घरों एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर नशामुक्ति संबंधी स्लोगन प्रदर्शित किए तथा समाज के लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सातवें दिन मेडिटेशन एवं एरोबिक सत्र आयोजित किया गया। आठवें दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। नौवें दिन निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। नशामुक्ति सेल की प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पारुल राठी ने प्रथम, सपना ने द्वितीय तथा दीया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आयुषी शर्मा प्रथम, लक्षिता द्वितीय तथा अदिति तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में राशि प्रथम, रितिका द्वितीय तथा गौरी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. शालू शर्मा, डॉ. मंजीत, डॉ. नेहा, सुजाता वर्मा व अंजू चौधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। नशामुक्त भारत बनाने का आह्वान करती प्रिंसिपल व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### आईआईटीएम में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आईआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। एसआई सत्यप्रकाश ने विद्यार्थियों व स्टाफ से कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर अभिशाप है। यह अपराध, पारिवारिक विघटन और सामाजिक असुरक्षा का भी प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में अपना भविष्य संवारें। साइबर अपराधों के बचाव बताने के साथ डायल-112 की जानकारी से भी अवगत करवाया।



बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में युवाओं को शपथ दिलाती डॉ. ललिता।

### छारा कॉलेज में भी नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल के दिशानिर्देशन में एनएसएस समन्वयक डॉ. ललिता द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी हुई। डॉ. ललिता ने कहा कि युवाओं की जागरूकता और सहभागिता ही नशामुक्त समाज के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है।

### नशे के विरुद्ध बनाए पोस्टर

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विविध जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, योग, जागरूकता शपथ कार्यक्रम तथा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

नशामुक्त भारत के निर्माण के लि सामूहिक जागरूकता शपथ ग्रहण की गई। सब इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश राणा ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके सामाजिक, मानसिक एवं कानूनी दुष्परिणामों तथा इससे बचाव के प्रभावी उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। कॉलेज उपाध्यक्ष पवन जैन ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति देश की अमूल्य धरोहर है तथा युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का सदुपयोग शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार एवं रचनात्मक गतिविधियों में करना चाहिए। ताकि एक स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके।



झज्जर। स्वीटी मलिक को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

### नशा मुक्ति में उत्कृष्ट योगदान पर स्वीटी मलिक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नशा मुक्ति के उत्कृष्ट कार्यों पर फिट इंडिया एंबेसडर व अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी द्वारा सम्मानित किया गया है। हिसार की गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उन्होंने स्वीटी मलिक को यह सम्मान नशा मुक्त अभियान में उनके उल्लेखनीय योगदान के चलते प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके राष्ट्रव्यापी जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि स्वीटी मलिक साइक्लिंग के माध्यम से युवाओं तक फिटनेस और नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाकर प्रेरणादायी कार्य कर रही हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद स्वीटी मलिक ने कहा कि उनका लक्ष्य हर युवा को नशे से दूर कर खेल और फिटनेस से जोड़ना है तथा उनका अभियान निरंतर जारी रहेगा। बता दें कि स्वीटी मलिक क्षेत्र के गांव डीघल की बेटी है।

### अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर बाल भवन से निकाली गई जागरूकता रैली

**झज्जर।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर बाल भवन से नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। डीसी वर्षा खांगवाल ने हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया। उन्होंने नशा मुक्त भारत हस्ताक्षर अभियान में भी हस्ताक्षर कर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। डीसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करता है। विकसित भारत के निर्माण के लिए नशा मुक्त भारत का संकल्प आवश्यक है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है।




झज्जर। जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय कैंप शुरू

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अग्रवाल कॉलोनी और सेक्टर-13 सेंटर में तीन दिवसीय समर कैंप शुरू हुए हैं। इनमें 250 से ज्यादा बच्चे भाग ले रहे हैं। बीके लवकेश भाई और रेनू बहन ने मन की शांति के लिए योग और शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम सिखाए। जबकि नेशनल मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त अर्चना पंवार ने पेपर से फ्लाव, रंगोली और बैग्स बनाना सिखाया। आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर ललिता बहन ने बच्चों को पैसों का पेड बनाना सिखाया। लता बहन और कांता बहन ने नैतिक मूल्य से जुड़ी कहानियां सुनाईं। कशिश बहन और पलक बहन ने बच्चों को सॉन्ग और डांस सिखाया। बीके संदीप भाई ने बच्चों को मेडिटेशन करना सिखाया। बीके अंजलि बहन ने बताया कि भगवान को याद करने से हमारे अंदर सकात्मक ऊर्जा आती है। रेणु बहन ने मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। बड़ों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### ट्रक यूनियन में नशे के खिलाफ चेताया

**बहादुरगढ़।** सोसाइटी फॉर आल अराउंड ह्यूमन डेवलपमेंट द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र की ओर से परनाला रोड स्थित ट्रक यूनियन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएमओ डॉ नीरज आहूजा, मनोचिकित्सक डॉ राजन और योगेश आदि ने ट्रक चालकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

### पत्रकार के पिता के निधन पर जताया शोक

बहादुरगढ़। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पंवार के बड़े भाई एवं पत्रकार मनीष कुमार के पिता स्व. रमेश चंद्र के निधन पर शोक जताने और सांत्वना देने का क्रम जारी है। उनकी रस्म तेरहवीं रविवार 28 जून को मांडोठी बाजार के नजदीक स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में दोपहर 1 बजे होगी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व विधायक राजेंद्र जून, दिनेश कौशिक, रमेश राठी, श्रीश्री 1008 महंत सूर्यनाथ महाराज आदि रहेंगे।

## सजावटी महाराजा लाइटों से जगमगाएगा सेंट्रल वर्ज

### नप चेयरपर्सन सरोज राठी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के दिल्ली-रोहतक रोड पर बने सेंट्रल वर्ज को आकर्षक और आधुनिक स्वरूप देने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। डिवाइडर पर लगाई जा रही महाराजा शैली की सजावटी लाइटों का काम लगभग पूरा होने वाला है। शुक्रवार को नप चेयरपर्सन सरोज राठी ने मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्माण कार्य तय समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि दिल्ली-रोहतक रोड शहर का सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्ग है। इस सड़क पर सजावटी लाइटें लगने से न केवल रात के समय पर्याप्त रोशनी मिलेगी, बल्कि शहर की सुंदरता में भी चार चांद लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से राहगीरों और वाहन चालकों को भी सुविधा मिलेगी तथा सड़क का दृश्य पहले की तुलना में अधिक आकर्षक दिखाई देगा। इन विशेष लाइटों के सबसे ऊपरी हिस्से में खाटू श्याम जी का पावन निशान स्वरूप भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की ओर से करीब दो करोड़ रुपये की लागत से सेंट्रल वर्ज का व्यापक सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। लाइट लगाने के कार्य का निरीक्षण करती सरोज राठी।

## राधा रानी कृपा बरसाए रखना.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में गायत्री जयंती के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा और गायत्री महामंत्र के सामूहिक जाप से हुआ। पंडित विजय भारद्वाज, पवन कौशिक ने बताया कि शास्त्रानुसार गायत्री माता का प्राकट्य ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को हुआ था। इस दिन गायत्री जयंती मनाई जाती हैं। हिंदू धर्म में गायत्री मंत्र का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यता है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी गायत्री माता की पूजा करते हैं। कार्यक्रम में सुषमा गोसाई, संतोष हंस, शशी खत्री, नारायणी सरदाना, इंदु शर्मा, आंचल सेठी, संध्या आर्य, किरण अरोड़ा, इंदू भूगड़ा, तुशू बहल, रोजी नारंग ने हरि अनन्त हरि कथा अनन्ता कहहि सुनहि बहुविधि सब सन्ता..राम सियाराम सियाराम जय जय राम..होई है वही जो राम रची राखा..एक नजर कृपा की कर दो लाडली श्री राधे..मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बरसाए रखना..भजन प्रस्तुत कर महिला श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु।

### विधायक राजेश जून ने पार्षदों की उपस्थिति में किया शुभारंभ

# सेक्टर-6 की तीसरी पुलिया की सड़क 75 लाख से बनेगी

### तीसरी पुलिया वाली पटेल नगर के साथ वाली जर्जर सड़क अब नए स्वरूप में नजर आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 की तीसरी पुलिया वाली पटेल नगर के साथ वाली जर्जर सड़क अब नए स्वरूप में नजर आएगी। शुक्रवार को विधायक राजेश जून ने करीब 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। विधायक राजेश जून ने कहा कि शहर के विकास के लिए सड़क, सीवरेज और अन्य आधारभूत सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार का उद्देश्य लोगों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में यह सड़क भी आधुनिक मानकों के अनुरूप तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता अमित राठी, एसडीई कृष्ण मलिक, जेई आशीष छिल्लर सहित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, अशोक शर्मा, राजेश मकड़ौली, हरिमोहन धाकरे, अनिल सिंगल, मुकेश कौशिक, भीम सिंह प्रणामी, युवराज छिल्लर, जसवीर सैनी, अश्वनी शंभू, पवन रोहिल्ला, नरेश भारद्वाज, बलराज दलाल, कर्नल अनिल जून, जयपाल सांगवान और प्रमोद सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 की तीसरी पुलिया वाली सड़क निर्माण का शुभारंभ करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को मिलेगी सुविधा

विधायक राजेश जून ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे इस कार्य के तहत करीब 900 मीटर लंबी और 23 फुट चौड़ी सड़क पर 80 एमएम मोटी इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाई जाएंगी। इससे सड़क की मजबूती बढ़ेगी और लंबे समय तक लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से इस सड़क की हालत खराब थी, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नई सड़क बनने से पटेल नगर, सेक्टर-6, मामन विहार, सेक्टर-2 और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को राहत मिलेगी तथा यातायात भी अधिक सुगम होगा।